0

Title: Re: Conversion of State Highway into National Highway in view of increasing Traffic and Population.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सड़क एवं परिवहन मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में जो जबलपुर-जयपुर मार्ग है, वह नरसिंहपुर-रायसेन जिले से होकर गुजरती है । मेरा आपके माध्यम से मंत्रालय से आग्रह है कि चाहे नरसिंहपुर जिला हो या रायसेन जिला, रायसेन जिले में उदयपुरा, खरगौन, बरेली है । यहां बाईपास तैयार हुए हैं, लेकिन अंदर के जो मार्ग हैं, वे खराब हालत में हैं । मुझे लगता है कि या तो उन मार्गों का काम चालू नहीं हुआ है या हुआ है तो बहुत धीमी गति से चल रहा है । इस बारे में मैं पहले भी आग्रह कर चुका हूं । महोदय, पुनः मेरा मंत्रालय से आग्रह है कि इन मार्गों को शीघ्र बनाया जाए, ताकि शहरों के जो खराब मार्ग हैं, उन पर चलने में लोगों की सुविधा हो सके । महोदय, इसके साथ ही मैं आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र का इकलौता स्टेट हाइवे है, जिस पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक बढ़ चुका है । यह करेली, गाडरवारा, पिपरिया, नर्मदापुरम होते हुए सिवनी बानापुरा जाता है । उस पर ट्रैफिक और बड़ी गाड़ियों की संख्या काफी है । वहां जो शहर हैं, उनकी आबादी बहुत ज्यादा है । उस स्टेट हाइवे को नेशनल हाइवे में परिवर्तित करने के लिए माननीय मंत्री जी पहले भी घोषणा कर चुके हैं । मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि उसे शीघ्र नेशनल हाइवे में परिवर्तित करके राशि स्वीकृत की जाए, जिससे बेहतर आवागमन के लिए मार्ग तैयार हो सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।